वोल्खोव नदी

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में रूस के एक विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे **महाराष्ट्र के चार मेडिकल छात्र, सेंट पीटर्सबर्ग के निकट वोल्खोव नदी में डूब गए**।

- वोल्खोव नदी **उत्तर-पश्चिमी रूस** में प्रवाहित होती है।
- यह **इल्मेन झील** से निकलती है, **नोवगोरोड** से होकर गुजरती है, तथा समतल, दलदली क्षेत्र से होकर उत्तर-पूर्व में **लाडोगा झील** में समाहित हो जाती है।
- सोवियत संघ का पहला **जलविद्युत स्टेशन, वर्ष 1926 में वोल्खोव शहर में** निर्मित किया गया था।
- वोल्खोव, प्रारंभ में महत्त्वपूर्ण **बाल्टिक सागर-काला सागर व्यापार मार्ग** का हिस्सा था, और साथ ही केवल छोटे जहाज़ों द्वारा ही नौगम्य था।
- विदेश मंत्रालय (MEA) द्वारा वर्ष 2022 में जारी आँकड़ों के अनुसार, **रूस में लगभग 16,500 भारतीय छात्र** थे।

और पढ़ें: भारत-रूस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/volkhov-river